सुविचार : शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान का निर्माण करना भी है - पीएमजेएफ लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

स्मृति शेष



स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 17 से 23 अप्रैल 2026


एनकेएम लायंस अनाथालय एवं बाल विकास केन्द्र का लोकार्पण

सौम्य वातावरण में स्थित छत्तीसगढ़ का सर्वोत्कृष्ट 7th स्टॉर रैंकिंग अवार्डेड सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल

Nitesh Kumar Memorial

## LIONS PUBLIC SCHOOL

KHARHARKUDA, MADWARANI, KORBA (C.G)

(AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI 3330422)

## 10वां स्थापना दिवस

### एनकेएम लायंस गौरव सम्मान समारोह



मुख्य अतिथि

**श्रीमती कौशिल्या देवी साय**

राष्ट्रीय अध्यक्ष - आदिवासी कंवर समाज

धर्मपत्नी - मा. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी

कार्यक्रम

दिनांक : 19 अप्रैल 2026, रविवार

समय : सायं 04 : 30 बजे से

स्थान : एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) कोरबा



गेस्ट ऑफ ऑनर

**सुश्री सरोज पाण्डेय**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - भाजपा

पूर्व राज्यसभा एवं लोकसभा सदस्य

विशेष आमंत्रित अतिथि

**श्रीमती मंदाकिनी जी**

फिल्म अभिनेत्री

### विशिष्ट अतिथिगण



श्रीमती संजू देवी राजपूत – महापौर - नपानि कोरबा

श्री गोपाल मोदी – जिलाध्यक्ष - भाजपा कोरबा

श्रीमती विभा अवस्थी – प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा महिला मोर्चा

श्रीमती रेणुका राठिया – सदस्य - जिपं कोरबा

श्री हितानंद अग्रवाल – एमआईसी सदस्य, नपानि कोरबा

श्रीमती गायत्री कंवर – उपाध्यक्ष - नपा बांकीमोंगरा

PMJF ला. विजय अग्रवाल – डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

PMJF ला. रिपुदन पुसरी – प्रथम वाईस डि. गवर्नर

PMJF ला. पवन मलिक – द्वितीस वाईस डि. गवर्नर

विशेष आकर्षण

विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम विशेष

- महिलाओं का सम्मान
- गणमान्य नागरिकों का सम्मान
- ग्राम सरपंच व पंचों का सम्मान
- लायंस मार्गदर्शकों (पीडिजी) का सम्मान
- लायंस लीडर्स का सम्मान
- विद्यालय स्टाफ का सम्मान
- नव प्रवेशी विद्यार्थियों को बुक एवं गणवेश का वितरण

शिक्षा संस्कार स्किल डेव्हलपमेंट
एनएसएस स्काउट गाईड्स
इंडोर - आउटडोर गेम्स कैरियर गाईडेंस

सभी अतिथियों का शत् शत् अभिनंदन...





MJF लॉयन पवन अग्रवाल – जोन चेयरमेन



लॉयन सुरेन्द्र डनसेना – अध्यक्ष



लॉयन दर्शन अग्रवाल – सचिव

समस्त सदस्यगण : लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल

विनीत



प्राचार्य

**श्रीमती शोभा सोनी**

एनकेएम एलपीएस खरहरकुड़ा



अध्यक्षता

**PMJF लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल जी**

चेयरमेन - एनकेएम एलपीएस खरहरकुड़ा

KORBA- CHAMPA ROAD, KHARHARKUDA, MADWARANI, DISTT. KORBA (C.G.)

**Call @ 62612-97651**

website : www.lionspublicschoolkharharkuda.com E-Mail : lionspublicschoolkharharkuda@gmail.com

सौम्य वातावरण में स्थित छत्तीसगढ़ का सर्वोत्कृष्ट 7 स्टॉर रैंकिंग अवार्डेड सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल

Nitesh Kumar Memorial

# LIONS PUBLIC SCHOOL

NITESH KUMAR MEMORIAL NKM LIONS PUBLIC SCHOOL
Today's Struggle Tomorrow's Strength

## AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E. (New Delhi), CBSE AFFILIATION NO.:3330422

19 अप्रैल 2026 (रविवार)
स्थापना के 10वर्ष पूर्ण
आप सभी का हार्दिक अभिनंदन...
शिक्षा ! संस्कार !! कैरियर गाइडेंस !!!

## NURSERY TO CLASS 12th

Green Campus Silent Zone



विशेष :-
19 अप्रैल 2026
तक एडमिशन लेने वाले
नए छात्रों को

ADMISSION FREE
BOOK SET FREE
SCHOOL UNIFORM FREE

NKM LIONS PUBLIC SCHOOL 10th Foundation day

50% Off
On Sibling's Fees

ट्रैफिक गार्डन, विशाल खेल का मैदान के साथ नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) का विशाल सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन का विहंगम दृश्य



Free BUS Services



Largest Library

# CBSE SCHOOL

ADMISSION OPEN

SESSION 2026-27



Yoga



Music Classes



Maa Saraswati Mandir

To Give the best education to the Students with Modern techniques.



Traffic & Children Garden



Sports



Cultural Activities



YOUR KIDS DESERVE THE BEST EDUCATION



WE ARE COMMITTED TO A BETTER FUTURE FOR CHILDREN.



## Features

- Innovative Curriculum
- Creative Experiential Learning
- Multipurpose Auditorium
- Well-equipped Science & Computer Lab
- State of the Art Infrastructure
- Indoor Outdoor Sports Activity Centers
- Certified Teachers
- Well furnished Classrooms
- Best Education Plans
- Smart Classes
- Safe Campus (CCTV)

Smart Classes
Digital School
ग्रामीण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा का एक मात्र सीबीएसई अंग्रेजी विद्यालय वह भी कम फीस में...



Mrs.Shoma Soni
Principal
Mob.: 97559-88840



PMJF Lion Dr. Rajkumar Agrawal
Chairman - NKMLPS Trust
Mob.: 98266-70261

To make all the Students Intelligent With Smily

KORBA- CHAMPA ROAD, KHARHARKUDA, MADWARANI, DISTT. KORBA (C.G.) Call @ 62612-97651
website : www.lionspublicschoolkharharkuda.com E-Mail : lionspublicschoolkharharkuda@gmail.com



# दिव्य आकाश

असतो मा सद्गमय

सुविचार
सपने बड़ा देखेंगे, तो लक्ष्य भी बड़ा होगा और इसे पूरा करने के लिए काम भी बड़े करने होंगे।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष 17, अंक-02 | कोरबा, शुक्रवार दिनांक 17 से 23 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य रू. 3.00/-


**महतारी वंदन योजना**

## सीएससी केंद्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से नि:शुल्क ई-केवाईसी की सुविधा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को प्रशासन ने सूचित किया है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून 2026 तक जिले के चिन्हांकित सी.एस.सी. केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नि:शुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सी.एस.सी. केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा।

हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीयन आईडी के साथ नजदीकी सी.एस.सी. केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। अपनी महतारी वंदन योजना आईडी की जानकारी हेतु हितग्राही अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं। योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत हो तो कार्यालय के फोन नंबर 8085190563 अथवा 7828183048 पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

# पीएम बोले-महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण पास नहीं करा पाए, इसके लिए सभी महिलाओं से माफी मांगता हूं। पीएम ने कहा- कांग्रेस, डीएमके, सपा जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी को उठाना पड़ा।

लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि इसे पास करने के लिए 352 वोटों की जरूरत थी। सूत्रों के मुताबिक, पीएम ने शनिवार को कैबिनेट मीटिंग में कहा कि विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन न करके गलती की है और उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

**पीएम मोदी का देश के नाम संबोधन**



### कहा-जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

### गरजे मोदी -विपक्ष ने महिला आरक्षण पर नफरत की राजनीति की:डीएमके के काले कारनामे सबके सामने आए

**कोयम्बटूर, एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयम्बटूर में कहा- मैंने पर्सनली सभी पॉलिटिकल पार्टियों से महिला आरक्षण बिल का सपोर्ट करने की अपील की थी। मैंने उनसे कहा था कि वे क्रेडिट ले सकते हैं, मुझे कोई एतराज नहीं है। मोदी ने कहा- DMK और कांग्रेस ने महिला आरक्षण जैसी अच्छी पहल को नफरत भरी और छोटी राजनीति की वजह से पटरी से उतार दिया। उन्होंने DMK पर तंज कसते हुए कहा कि आपके काले कारनामे जनता जान चुकी है। काले कपड़े पहनकर गलत इरादों को नहीं छिपाया जा सकता। वहीं कोलकाता में ममता बैनर्जी ने कहा कि कल से भाजपा का पतन शुरू हो चुका है।

**ईरानी राजदूत को सम्मन भेजने की तैयारी**

# होर्मुज में अपने जहाजों पर फायरिंग से भड़का भारत

**होर्मुज जलडमरूमध्य के पास भारतीय जहाजों पर गोलीबारी की खबरों के बाद विदेश मंत्रालय ईरान के राजदूत को तलब कर सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव के बीच यह घटना वैश्विक चिंता बढ़ा रही है।**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास भारतीय जहाजों पर गोलीबारी की खबर सामने आने के बाद भारत सरकार सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। विदेश मंत्रालय जल्द ही ईरान के राजदूत को तलब कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस क्षेत्र से गुजर रहे दो भारतीय जहाजों को निशाना बनाया गया, जिसके बाद उन्हें वापस मुड़ना पड़ा। इनमें से एक जहाज बहुत बड़ा तेल टैंकर (VLCC) बताया जा रहा है, जिसमें करीब 20 लाख बैरल तेल था।

ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी UK Maritime Trade Operations ने भी जानकारी दी है कि एक अन्य टैंकर के पास दो गनबोट आईं और उस पर फायरिंग की गई। इन गनबोट्स को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़ा माना जा रहा है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव और बढ़ गया है। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कुछ और जहाज भी फायरिंग की चपेट में आए, हालांकि इसकी पूरी पुष्टि अभी नहीं हुई है।

ईरान ने पहले ही होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण लागू करने की बात कही है। उसने साफ किया है कि जब तक अमेरिका उस पर लगे प्रतिबंधों में ढील नहीं देता, तब तक इस समुद्री रास्ते पर कड़े नियम लागू रहेंगे। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान पर दबाव बनाए रखने के लिए समुद्री प्रतिबंध जारी रहेंगे।

# ईरान ने होर्मुज से गुजर रहे जहाजों पर बरसाई गोलियां

**होर्मुज, एजेंसी।**

होर्मुज जलडमरूमध्य में हालात तेजी से बिगड़ते नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान की नौसेना ने इस क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों पर गोलीबारी शुरू कर दी है। सुरक्षा खतरे को देखते हुए कई तेल टैंकरों ने अपना रास्ता बदल लियाऔर अब वे ओमान की खाड़ी की ओर शरण ले रहे हैं। इससे समुद्री व्यापार और खासकर तेल सप्लाई पर असर पड़ रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि पहले भी जहाजों को निशाना बनाया



गया था, जिनमें भारतीय क्रू वाले जहाज भी शामिल थे। इसके अलावा ईरान द्वारा विस्फोटक ड्रोन नौकाओं के इस्तेमाल का शक भी जताया जा रहा है।

# राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, पुतला जलाया

**पुलिस ने वाटर कैनन चलाई, प्रियंका बोलीं-सीटें बढ़ाना सत्ता में बने रहने की साजिश थी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला सांसदों के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया।

कार्यकार्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत को हिरासत में लिया गया। बाद में छोड़ दिया गया। उधर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शनिवार को कहा, 'कल लोकसभा में जो हुआ वो लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण के जरिए सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही थी।'



## हज यात्रा शुरू: भारतीय यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा



**रियाद/मदीना, एजेंसी।**

सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों महामहिम प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और महामहिम इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया।'

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष की फेसबुक पोस्ट पर बवाल:लिखा- अनपढ़ की औलादों, ये डार्लिंग बिल लाए, इसलिए देश ने नकारा;थाने पहुंची भाजपा महिला मोर्चा



**बस्तर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य की एक फेसबुक पोस्ट से बवाल हो गया है। उन्होंने लिखा है कि अनपढ़ के औलादों 2023 में माता, बहन, पत्नी आरक्षण बिल पास हो चुका था। कल वाला डार्लिंग बिल लाए थे, इसलिए देश ने नकार दिया। मौर्य की इस पोस्ट के बस्तर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं पुलिस थाने पहुंच गईं। उन्होंने सुशील मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने लिखित शिकायत की है। महिला मोर्चा ने पोस्ट को अभद्र और महिलाओं का अपमान करने वाला बताया है और कार्रवाई की मांग की है।

## तपने लगा छत्तीसगढ़

सुबह होते ही सूरज की तपन से लोग हलाकान होने लगे हैं। दोपहर को डिग्री 41 पर पहुंच गई है और लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है।

## उद्योगपति नवीन जिंदल ने कहा-जांच से पहले अनिल अग्रवाल पर केस चिंता का विषय

### अब तक 23 मौतें

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में हुए वेदांता प्लांट हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़कर 23 तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में 3 और घायल मजदूरों ने दम तोड़ दिया। हादसे में कुल 36 मजूदर झूलसे थे। 13 घायलों का इलाज अभी जारी है।

घटना की शुरूआती जांच में लापरवाही सामने आने पर वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत 10 लोगों के खिलाफ डभरा थाने में FIR दर्ज हुई है।

इस कार्रवाई पर उद्योगपति नवीन जिंदल ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जांच से पहले अनिल अग्रवाल का नाम FIR में शामिल करना गंभीर चिंता का विषय है। पहले घटना की जांच होनी चाहिए, सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

**24 घंटे में 3 घायल मजदूरों ने तोड़ा दम**

शनिवार को रायपुर के कालड़ा हॉस्पिटल में 2 घायलों की इलाज के दौरान जान चली गई। इनमें उमेंद्र शाह और मध्यप्रदेश के रहने वाले किस्मत अली शामिल है। वहीं, शुक्रवार को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में एडमिट बंगाल के मजदूर सुब्रोतो जेना (80-90% झुलसे) ने भी दम तोड़ दिया था।

14 अप्रैल को हुए हादसे के बाद औद्योगिक सुरक्षा विभाग के बॉयलर इंस्पेक्टर उज्जवल गुप्ता और उनकी टीम ने 15 अप्रैल को घटना स्थल की जांच की। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर को सौंपी गई शुरूआती जांच रिपोर्ट में प्लांट प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई थी। जिसके बाद एफआईआर की कार्रवाई की गई।

## महिला आरक्षण बिल गिरने पर कांग्रेस के खिलाफ होगा प्रदर्शन

**राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और सीएम साय बताएंगे छत्तीसगढ़ में भाजपा का एक्शन प्लान**

**रायपुर, एजेंसी।**

महिला आरक्षण बिल के लोकसभा में पास नहीं होने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरने की तैयारी में है। कांग्रेस के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की रणनीति के तहत इसकी रूपरेखा 19 अप्रैल को रायपुर में होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताई जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह इसी सिलसिले में एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंच रहे हैं, जहां वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे।

लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका। बिल के पक्ष में 298 वोट पड़े, जबकि 230 सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया। इसे पारित करने के लिए 352 वोटों की आवश्यकता थी।


इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान शामिल था।

## 6 टन से अधिक कोयला जब्त

**कोरिया।**

कोरिया जिला के पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने व्यापक कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में कोयला जब्त किया है। खनिज, वन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को सुबह से सघन अभियान चलाकर अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया और मौके से करीब 150 बोरी यानी 6 टन 61 किलो अवैध कोयला बरामद किया। एसडीएम की अध्यक्षता में जिले में गठित टास्क फोर्स ने सुरंगों के भीतर जा कर कोयला जब्त किया।

## भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियन बनाने वाली संजू देवी को 50 लाख की प्रोत्साहन राशि



**रायपुर/कोरबा।**

भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली संजू देवी को राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी खिलाड़ी को इतनी बड़ी प्रोत्साहन राशि दी गई है। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह राशि सौंपी। श्री साव ने इस दौरान बिलासपुर के चिंगराजपारा कबड्डी क्लब को कबड्डी मैट भी प्रदान किया। संजू देवी को उनके शानदार खेल की वजह से पिछले साल नवम्बर में बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्वकप मंर मोस्ट वेल्युबल प्लेयर चुना गया था।

## रीजन कान्फ्रेंस में लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल को शिक्षा गुणवत्ता और अन्य सामाजिक सेवा कार्यो के लिए 15 लायंस अवार्ड से सम्मानित

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

होटल ब्लू डायमंड टी.पी.नगर कोरबा में रीजन 1 के रीजन चेयरमेन पीएमजेएफ लायन कैलाश गुप्ता की अध्यक्षता एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में रीजन कान्फ्रेंस ''काव्या'' का आयोजन किया गया। साथ ही कान्फ्रेंस के विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल, पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल,



एमजेएफ लायन राजेन्द्र तिवारी, एमजेएफ लायन एम.डी.माखीजा उपस्थित थे। कान्फ्रेंस में रीजन 1 के अंतर्गत आने वाले समस्त क्लबों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में रीजन चेयरमेन द्वारा सत्र भर लायंस क्लबों के द्वारा किये गये सेवा कार्यो की समीक्षा के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल को शिक्षा गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न सेवा कार्यो के लिए 15 लायंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। रीजन चेयरमेन पीएमजेएफ लायन कैलाश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल अपने क्लब के मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न सेवा कार्यो को बेहतर ढंग से अंजाम दे रहा है। जिसमें से प्रमुख ग्राम मड़वारानी में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल है, जहां 700 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल द्वारा बैनर प्रेजेन्टेशन में क्लब के सेवा कार्यो को सादगी पूर्ण रूप से सभी के सम्मुख प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

कान्फ्रेंस में क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना को आउटस्टेडिंग लीडरशीप अवार्ड, क्लब सचिव लायन दर्शन अग्रवाल को बेस्ट सचिव एवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं क्लब के मागदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल को एमएएमई के केन्द्रीय सदस्य के रूप में किये गये सेवा कार्यो के लिए नीति आयोग एवं जीवन जागृति सेवा संस्थान द्वारा प्रदत्त परम विभूषण सेवा रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

रीजन कान्फ्रेस में लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल से लायन सुभाषचंद अनंत, लायन पार्वती दास, लायन मनोज गुप्ता, लायन शोमा सोनी, लायन मधु पाल, लायन गणेश राम, लायन मनोरमा शर्मा, लायन रूबिना अली सहित अन्य क्लबों के सदस्य उपस्थित थे।

राजनीति

# हार में भी अवसर ढूंढ़ लेती है भाजपा

17 अप्रैल को लोकसभा में भारी हंगामे के बीच नारी शक्ति वंदन अधिनियम 14 वोट से गिर गया और मोदी का सपना-लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला बिल पास नहीं हो सका। लोकसभा में दो दिन तक इस बिल पर चर्चा हुई और लोकसभा-विधानसभा परिसीमन और केन्द्रशासित क्षेत्र कानून संसोधन पर 21 घंटे चर्चा हुई और 17 अप्रैल को महिला आरक्षण बिल पर वोट किए गए। संसदीय इतिहास में 17 अप्रैल का दिन हंगामे के बीच राजनीति गतिरोध का गवाह बना। इस बिल पर वोटिंग हुई और यह बिल 54 वोटों से गिर गया। जब परिणाम आया, तो मोदी का चेहरा उदास था और गृहमंत्री इस महत्वपूर्ण तथा सदी का ऐतिहासिक बिल पास न होने पर विपक्ष पर जमकर गरजे और कहा कि देश की मातृशक्ति विपक्ष को कभी माफ नहीं करेगी। विपक्ष की एकजुटता ने मोदी को ही नहीं बल्कि मातृशक्ति के राजनैतिक कैरियर पर भी बाधा बनकर उभरी। इस बिल को सत्तापक्ष सदी का ऐतिहासिक बिल करार देते रहे, लेकिन विपक्ष से राहुल गांधी ने भी अपना तर्क रखा और कहा कि इस बिल पर नारी सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं और एनडीए सरकार नारी शक्ति को चुनावी नारा बनाना चाहती है, जिसे हमने गिरा दिया। वोटिंग से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी सभी सांसदों से अपील करते रहे और कहा- अपनी आत्मा की सुनें और इस बिल पर सर्वसम्मति बने, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और महिला आरक्षण बिल को झटका लगा। संसोधन बिल के पक्ष में 298 वोट पड़े, जबकि विरोध में 230 वोट पड़े। बिल पास होने के लिए 352 वोट की जरूरत थी, लेकिन बिल 54 वोट से गिर गया। जब यह बिल लोकसभा में पेश किया गया, तो देशभर की भाजपा नेत्रियों को खुशी मनाने का मौका मिला और देशभर में जश्न मनाया, क्योंकि उन्हें यकीन था कि यह बिल पास हो जाएगा, लेकिन देर रात सबको मायूसी हुई। यह बताना बेहद जरूरी है कि हार में भी भाजपा अवसर ढूंढ़ लेती है। भाजपा अब इसे एक मुद्दा बनाएगी और अभी वर्तमान में उन राज्यों में बड़ा मुद्दा भाजपा बनाएगी, जहां इसी महीने विधानसभा चुनाव के वोट पड़ेंगे। मोदी-शाह इसे अब चुनाव में भुनाएंगे-विपक्ष महिला विरोधी है और इस महत्वपूर्ण बिल को पास होने नहीं दिया। अब यह साफ हो चुका है कि 2029 के चुनाव में महिला आरक्षण को अमल में नहीं लाया जा सकता। वैसे भी बिना महिला आरक्षण के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य दल 33 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से महिलाओं को टिकट देकर सदन तक पहुंचा रहे हैं।

-संपादक

## महिला आरक्षण बिल का पास न होना दुर्भाग्य जनक

सबको उम्मीद थी कि 2029 के आमचुनाव में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत सुनिश्चित होगी, लेकिन यह नहीं हो सका। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 54 वोटों से गिर गया और महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिल पाया। मोदी की अपील विपक्ष की अंतरात्मा तक नहीं पहुंच सकी और विपक्षी एकता के सामने इस बार ऐसा हुआ कि मोदी को लोकसभा में हार का सामना करना पड़ा। मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सदी का सबसे अह्म और बड़ा बिल बताया था, लेकिन विपक्ष ने इसे नारी सशक्तिकरण नहीं बल्कि चुनावी नारा का अधिनियम बताया। विपक्ष का कहना था कि जनगणना पूर्ण होने के बाद इस अधिनियम को लाना था और जल्दबाजी में चुनावी लाभ के लिए इसे लाया गया और महिला शक्ति को मोहरा बनाया गया, जबकि इस बिल से नारी सशक्तिकरण का कोई लेना देना नहीं। विपक्ष का कहना था कि इस बिल को तुरंत लागू करें, ना कि भविष्य के लिए टालें। कुछ भी हो नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास न होना देश कि आधी आबादी के साथ एक तरह से विश्वासघात ही माना जाएगा। इस अधिनियम के पास हो जाने के बाद लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकती, लेकिन अब यह भविष्य के लिए टल गया।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम दौर



**स्पष्ट है कि 'महतारी गौरव वर्ष' केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि ठोस परिणाम देने वाला अभियान है। विष्णु देव साय और लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिलाएं अब विकास की धुरी बनकर उभर रही हैं और राज्य को नई दिशा दे रही हैं।**

**विशेष लेख- डॉ. दानेश्वरी संभाकर**

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026 को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाते हुए महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा दी जा रही है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाएं अब जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम दे रही हैं, जिसका स्पष्ट प्रतिबिंब आंकड़ों में दिखाई देता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी गौरव वर्ष महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आंगनबाड़ी संचालन के लिए 800 करोड़ रुपए, पूरक पोषण आहार के लिए 650 करोड़ रुपए तथा कुपोषण मुक्ति व पोषण अभियान के लिए 235 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जो आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निवेश है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना एक मील का पत्थर साबित हुई है। 10 मार्च 2024 को प्रारंभ इस योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की सहायता मिल रही है। अब तक 26 किस्तों के माध्यम से 16 हजार 881 करोड़ रुपए से अधिक राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है, वहीं इस योजना के लिए 8 हजार 200 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रस्तावित रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1 लाख 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी, जिसके लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

राज्य में महिलाओं के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से हो रहा है। महतारी सदनों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत अब तक 368 सदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है और 137 का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही 500 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी।

मातृत्व सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 3 लाख 73 हजार से अधिक पंजीयन दर्ज किए गए हैं तथा 235 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। वर्ष 2023-24 में जहां 1 लाख 75 हजार से अधिक पंजीकरण हुए, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 2 लाख 19 हजार से अधिक हो गई। वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 2 लाख 4 हजार से अधिक पंजीयन हो चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 93 प्रतिशत से अधिक है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्व-सहायता समूहों को रेडी-टू-ईट जैसे कार्यों से जोड़ा जा रहा है तथा लखपति दीदी योजना के माध्यम से उन्हें व्यवसायिक अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 38 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं, जिससे उन्हें स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिली है। वहीं सखी वन स्टॉप सेंटरों की संख्या 27 से बढ़ाकर 34 कर दी गई है, जहां 14 हजार 300 से अधिक प्रकरणों में से 8 हजार 900 से अधिक का निराकरण किया जा चुका है।

### पोषण अभियान में हम देश में अव्वल

पोषण अभियान में भी राज्य ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पोषण माह 2024 के दौरान प्रति केंद्र प्रदर्शन में प्रदेश को प्रथम स्थान तथा कुल गतिविधियों में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं न्योता भोज जैसे नवाचारों के तहत 9 हजार 700 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे 1 लाख 83 हजार से अधिक बच्चों को लाभ मिला।



# स्वार्थ की सीमाओं से मुक्त होना ही मानवीय सेवा की इंतहां है...

अपने लिए तो इंसान क्या जानवर भी जी लेते हैं, जो मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए औरों के लिए जिये, उस मनुष्य का जीवन धन्य और अमर हो जाता है। हर मनुष्य में संवेदनाएं होती हैं, तभी तो हम मनुष्य कहलाते हैं, लेकिन परिस्थितिवश कुछ कठोर हो जाते हैं, तो कई लोग गलत संगति के कारण अपराधबोध नहीं कर पाते और ऐसे मनुष्य समाज में हेय की दृष्टि से देखे जाते हैं। इसके उलट वे मनुष्य समाज में अमर हो जाते हैं, जो स्वयं के स्वार्थ से मुक्ति पा कर समाज के लिए सोचते हैं और मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए समाज के लिए कुछ सोचते हैं और उनके लिए कुछ करते हैं।

**सेवा परमोधर्मः**

की कहावत हमारे आचरण में दिखना चाहिए। वेद पुराणों में भी यह उल्लेखित है कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है, यही ईश्वर की सच्ची पूजा है। मानव सेवा सिर्फ धन से ही संभव नहीं है, हम अपने तन और मन से भी मानव सेवा कर सकते हैं। देश दुनिया में ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे, जिन्होंने मानवीय संवेदनाओं को जिया और अमर हो गए। मदर टेरेसा... वह महामानव हैं, जिन्होंने धन से नहीं बल्कि अपनी सेवा के कारण अमर हो गईं। रूग्ण व्यक्ति की सेवा में उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और अमर हो गईं।

प्रकृति ने हमें मानव बनाकर विश्व का सबसे बड़ा उपहार दिया है और हम इस तन को कुछ इस तरह ढालें, ताकि समाज को इसका लाभ मिल सके। हमारे छोटे-छोटे उपकारी कार्यों से कई का जीवन संवर सकता है। किसी बीमार को हम यदि आर्थिक रूप से मदद न भी कर सकें तो उन्हें दो मीठे बोल ही दे दें, इससे उसका हौसला बढ़ेगा। यदि कोई हमारे घर आता है और कहता है- मैं भूखा हूं! वह हमारी दौलत तो नहीं मांगता, लेकिन आप अपने हिस्से की दो सूखी रोटी दे दें, तो यह उसके लिए सौभाग्य साबित होगा और हमारा कुछ नहीं जाएगा, लेकिन दुआएं बहुत मिलेंगी।

आज जब दुनिया एआई की दुनिया में जाने लगी है और विज्ञान चांद पर अपना जलवा दिखा रहा है, ऐसे में आज युवाओं का सबसे बड़ा हथियार है शिक्षा। आज देश की एक बहुत बड़ी आबादी अच्छी शिक्षा से वंचित है और खासकर ग्रामीण और पिछड़ा इलाका, जो आज भी अपनी आर्थिक आजादी के लिए जद्दोजहद कर रहा है, उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलना... पहाड़ खोदने जैसा सपना लगता है। मैंने आदिवासी क्षेत्र में बचपन बिताया और वहां की आर्थिक तंगी भी देखी और झेला भी। पिताजी की सीख से हमने कड़ी मेहनत की और माँ की सीख से समाज को कुछ देने का विचार किया। द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एक ऐसी संस्था है, जिसके बैनर तले जुड़कर समाज सेवा का जो संकल्प लिया, उसकी धारा जीवनभर बहती रहे। इस संकल्प ने ही...

नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा की नींव डाली। जीवन में नियति भी कुछ ऐसी परीक्षा लेती है कि हम चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते। नितेश कुमार की आज जयंती है और विद्यालय के सैकड़ों बच्चों में मैं नितेश का अक्श देख लेता हूं और इन बच्चों के स्वर्णीम भविष्य से ही हमारा जीवन सार्थक होगा, इस संकल्प के साथ नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा को शिक्षा सेवा के प्रकल्प के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं और विशेषज्ञ अध्यापकों के सानिध्य में सैकड़ों ग्रामीण/निर्धन बच्चों के स्वर्णीम भविष्य की राह गढ़ रहे हैं। हम लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के माध्यम से उन बेसहारों को भी नया जीवन देने का प्रयास करेंगे, जो प्रकृति की उपेक्षा से या तो अनाथ हो गए या फिर स्वयं की गलती से बच्चे विरह की दंश झेलने मजबूर हैं। हम कुछ उदास चेहरों में मुस्कान ला सकें, तो समझेंगे... हमारा जीवन धन्य हुआ।

**पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल**
**चेयरमेन-नितेश कुमार लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा**

# क्या बिना ट्यूशन आपका बच्चा नहीं कर सकता क्लास में टॉप ? यह आर्टिकल बदल देगा आपकी सोच

जब बच्चे छोटे होते हैं, तो पैरेंट्स की सबसे बड़ी टेंशन यही रहती है, बच्चों को ट्यूशन भेजें या फिर नहीं ? कई पैरेंट्स तो इस बात से भी परेशान रहते हैं कि बिना ट्यूशन जाए उनका बच्चा क्लास में टॉप कैसे करेगा या फिर नंबर कैसे लाएगा। अगर आपके दिमाग में भी यह दुविधा रहती है, तो आज की यह आर्टिकल आपके काम की होने वाली है। बता दें क्लास में टॉप करने के लिए हर बच्चे को ट्यूशन जाने की जरूरत नहीं होती है। अगर आपके घर का माहौल सही है, आप थोड़ी सी समझदारी अपनाते हैं और अपने बच्चे को सही गाइडेंस देते हैं, तो बच्चा बिना ट्यूशन जाए भी क्लास में बेहतर परफॉर्म कर सकता है। बस आपके लिए जरूरी है इन आसान और असरदार आदतों को अपनाने की। जब आप इन आदतों को अपनाते हैं, तो बच्चे की पढ़ाई को मजबूत और ज्यादा मजेदार बना सकते हैं।

**पढ़ाई के लिए फिक्स करें एक रूटीन**

जिस तरह बच्चों के ट्यूशन जाने का टाइम बिलकुल फिक्स होता है, ठीक उसी तरह आपको अपने बच्चे के लिए घर पर पढ़ाई करने का भी एक फिक्स टाइम सेट करना चाहिए। आपको कभी भी उसके मूड पर इस बात को नहीं छोड़ देना चाहिए कि वह कब पढ़ाई करने बैठेगा। अगर आप उसके मूड पर चीजों को छोड़ देते हैं, तो वह पढ़ाई करने के समय नखरा करना शुरू कर देगा और चीजों को टालने लग जाएगा। बच्चा घर पर भी बेहतर तरीके से पढ़ाई कर पाए, इसके लिए एक प्रॉपर टाइम और जगह फिक्स कर लें। जब आप ऐसा करेंगे, तो आपका बच्चा खुद भी पढ़ाई करने के लिए मोटिवेट होगा और यह आदत उसकी डेली रूटीन में शामिल हो जाएगी।

**पढ़ाई को बोरिंग बनने का मौका न दें**

जब बच्चे छोटे होते हैं, तो उनके लिए एक ही जगह पर लंबे समय तक बैठकर पढ़ाई कर पाना काफी कठिन हो जाता है। शुरूआती दौर में छोटे बच्चों का किसी भी चीज पर फोकस करना काफी कठिन हो जाता है, लेकिन समय के साथ चीजों पर फोकस करने की उनकी कैपेसिटी बेहतर होती चली जाती है।

अगर आप एक पैरेंट हैं, तो आपके लिए यह काफी जरूरी हो जाता है कि आप अपने बच्चे की उम्र को ध्यान में रखते हुए एक फिक्स टाइम टेबल सेट करें। बेस्ट होगा अगर आप उन्हें पढ़ाई के बीच में ब्रेक लेने का मौका भी दें।

**घर पर टेस्ट लेना भी जरूरी**

आपके बच्चे के लिए सिर्फ पढ़ाई करना काफी नहीं होता है। आपके लिए यह काफी जरूरी हो जाता है कि पढ़ी हुई चीजें अच्छी तरह से याद भी रह जाए। अगर आपके घर पर छोटे बच्चे हैं तो उन्हें पढ़ी हुई चीजों को याद रखने के लिए प्रैक्टिस करवाते रहें। आपके बच्चे स्कूल में जो भी चीजें पढ़ रहे हैं, उसका टेस्ट घर पर भी लेते रहें। अगर पॉसिबल हो तो वीकेंड पर टेस्ट लें और इसमें उन टॉपिक्स को शामिल करें जिन्हें बच्चे ने पूरे हफ्ते के दौरान पढ़ा है। जब आप उनका टेस्ट लेंगे तो आपको समझ में आ जाएगा कि आपको उन्हें कितनी मेहनत की जरूरत है।



### रिवीजन करने की आदत डालें

छोटे बच्चे स्कूल में पढ़ाई गयी चीजों को बेहतर तरीके से एब्जॉर्ब कर पाएं इसके लिए यह काफी जरूरी हो जाता है कि आप उन्हें स्कूल में पढ़ाई गयी चीजें रिवाइज करवाएं। यह छोटी सी आदत उनके पढ़ाई को काफी हद तक और भी बेहतर बना सकती है। आपको अपने बच्चे को किसी भी टॉपिक को बेहतर तरीके से समझने के लिए लिखकर रख लेने की आदत डलवाएं। जब आप ऐसा करते हैं, तो दिमाग में चीजें बेहतर तरीके से घुसती हैं और याद रहती है।

व्यक्तित्व

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव की धर्मपत्नी होने के बाद भी कौशिल्या देवी का जीवन आज भी सादगी से परिपूर्ण

श्रीमती कौशल्या देवी साय छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी हैं। वे एक साधारण और जमीन से जुड़ी महिला के रूप में जानी जाती हैं, जो अपने पति के राजनीतिक सफर में उनके साथ मजबूती से खड़ी रही हैं।

मुख्यमंत्री जैसे ऊंचे ओहदे में पहुंचे विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी होने के बाद भी श्रीमती कौशिल्या देवी साय का जीवन पूर्ववत आज भी सादगी से परिपूर्ण है और वे आदिवासियों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वे आदिवासी कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं और उनके जीवन की प्राथमिकता है कि वे अंतिम छोर में बसे आदिवासियों को भी मुख्यधारा में लाकर उनके जीवन को सरल और सुलभ बना सकें।

वे आदिवासियों की शिक्षा को प्राथमिकता में रखकर जनजागरूकता भी फैला रही हैं और वे जहां भी सामाजिक कार्यक्रम में उपस्थित होती हैं, बच्चों को स्कूल भेजने की अपील जरूर करती हैं और नशामुक्त आदिवासी समाज बने, इसके लिए भी वे अपील करती नजर आती हैं। उनके इस प्रयास का सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के साथ-साथ वे ख्यातिलब्ध समाजसेविका के रूप में भी लोगों के बीच प्रसिद्ध हैं।

कौशल्या देवी साय का विवाह 27 मई 1991 को विष्णु देव साय के साथ हुआ था। उन्होंने राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन



(स्नातकोत्तर) तक पढ़ाई की है। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। उन्हें एक अत्यंत सरल और शांत स्वभाव की महिला माना जाता है, जो मुख्यमंत्री की पत्नी होने के बावजूद सादगी से जीवन जीती हैं।

कौशल्या देवी साय अक्सर बच्चों और स्थानीय लोगों के बीच देखी जाती हैं। उन्होंने अपना जन्मदिन स्थानीय स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर और अपने हाथों से खीर खिलाकर मनाया था, यह उनका बच्चों और आदिवासी प्रेम का जीता जागता उदाहरण है। वे मुख्यमंत्री के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में कुल देवता की पूजा और अन्य पारंपरिक सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेती हैं। पिछले कई दशकों से वे विष्णु देव साय के राजनीतिक जीवन में उनका बड़ा सहारा बनी हुई हैं।

श्रीमती कौशल्या देवी साय राजनीति से अलग परिवार और सामाजिक कार्यों में रुचि रखती हैं और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के लिए एक मजबूत पारिवारिक आधार स्तंभ हैं।

# दादी आशा भोसले के जाने से टूटीं जनाई, कहा- वो बहुत जल्द मेरे पास लौट आएंगी



## ओ गगन के जगमगाते दीप

दीन जीवन के दुलारे
खो गये जो स्वप्न सारे,
ला सकोगे क्या उन्हें फिर खोज
हृदय समीप?
ओ गगन के जगमगाते दीप!

यदि न मेरे स्वप्न पाते,
क्यों नहीं तुम खोज लाते
वह घड़ी चिर शान्ति दे जो पहुँच
प्राण समीप?
ओ गगन के जगमगाते दीप!

यदि न वह भी मिल रही है,
है कठिन पाना-सही है,
नींद को ही क्यों न लाते खींच
पलक समीप?
ओ गगन के जगमगाते दीप!

**- हरिवंश राय बच्चन**



## आह! वेदना मिली विदाई

आह ! वेदना मिली विदाई
चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर
प्रलय चल रहा अपने पथ पर
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर
उससे हारी-होड़ लगाई

लौटा लो यह अपनी थाती
मेरी करुणा हा-हा खाती
विश्व! न सँभलेगी यह मुझसे
इसने मन की लाज गँवाई

**- जयशंकर प्रसाद**



## कोरी किताब

ज़िन्दगी कोरी किताब है यह,
हर दिन नया पन्ना लाए यह।
कलम थामें हम खुद हर रोज़,
एक पन्ना लिखते हाथों से हम।

आँखें मूंदें ध्यान में जब कभी,
पुराने कुछ पन्ने पढ़ें जरूर।
पुराने पन्ने तो न बदल पाएँगे,
पर नए पन्ने सुंदर लिख पाएँगे।

ये किसी के अश्रु से न लिखे हों,
हर पन्ने में अच्छाई की खुशबू हो।
ऐसी किताब जो अमर बन जाए,
लोग पढ़ें तो बस 'वाह' निकल आए!

**- कमल किशोर झा**

## आशा जी का कालजयी स्वर

तोरा मन दर्पण कहलाए,
भले, बुरे, सारे कर्मों को,
देखे और दिखाए ॥
मन ही देवता,
मन ही ईश्वर,
मन से बड़ा ना कोई,
मन उजियारा,
जब जब फैले,
जग उजियारा होए,
इस उजले दर्पन पर प्राणी,
धूल ना ज़मने पाए ॥
तोरा मन दर्पण कहलाये,
भले, बुरे, सारे कर्मों को,
देखे और दिखाए ॥
सुख की कलियाँ,
दुःख के काँटे,
मन सब का आधार,
मन से कोई बात छूपे ना,
मन के नैन हजार,
जग से चाहे भाग ले कोई,
मन से भाग ना पाए ॥
तोरा मन दर्पण कहलाये,
भले, बुरे, सारे कर्मों को,
देखे और दिखाए ॥
तन की दौलत ढ़लती छाया,
मन का धन अनमोल,
तन के कारन मन के,
धन को मत माटी में रोल,
मन की कदर भूलानेवाला,
हीरा जनम गंवाए ॥
तोरा मन दर्पण कहलाये,
भले, बुरे, सारे कर्मों को,
देखे और दिखाए ॥



### अभी न जाओ छोड़कर ...

**मुंबई, एजेंसी।**

**आशा भोसले के निधन के बाद उनकी पोती जनाई भोसले ने एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी दादी जल्द उनके पास लौट आएंगी।**

दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। इस बीच उनकी पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस की आंखें नम कर दी हैं। जनाई ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आशा भोसले उन्हें देखते हुए गाना 'दिल चीज क्या है' गाती नजर आ रही हैं।

**जनाई भोसले का इमोशनल ट्रिब्यूट**

जनाई ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'आज सुबह जब मैं उठी तो मुझे एहसास हुआ कि मैंने अपनी पार्टनर-इन-क्राइम, अपनी सबसे अच्छी दोस्त, वो इंसान जिसने मेरी पूरी दुनिया पूरी की और जिसने मुझे जन्म के समय सबसे पहले गोद में लिया था, उसे खो दिया है। अब मैं क्या करूं? सुबह उठकर किसे गले लगाऊं और किसके साथ चाय पियूं? जब मैं घर आऊंगी तो रोज मेरा इंतजार कौन करेगा? या मैं अपनी बेकार जोक्स किसके साथ शेयर करूंगी?

**'वो हमेशा हमारी यादों में जिंदा रहेंगी'**

जनाई ने आगे लिखा, 'ये तो बस कुछ बातें हैं, जिनसे उन्हें याद किया जा सकता है, लेकिन जो लोग इस दुख को मेरे साथ महसूस कर रहे हैं, वो उन्हें उसी तरह याद रखें जैसे वो थीं-जिंदगी और हंसी की मिसाल। वो हम सबको ऊपर से देख रही हैं, खासकर अपने परिवार को और मुझे लगता है कि वो बहुत जल्द मेरे पास वापस आएंगी, क्योंकि उन्होंने मुझसे हमेशा यही वादा किया था। मैंने अपने जीवन का सबसे बड़ा प्यार खो दिया है और इससे बड़ा दुख दुनिया में नहीं होता। मैं आप सभी से कहती हूं कि

### 'वो हमेशा हमारी यादों में जिंदा रहेंगी'

जिंदगी को पूरी तरह जिएं और उसी तरह उनका जश्न मनाएं। आई लव यू आशाई और अभी के लिए अलविदा। मुझे पता है आप हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मैं बस उस पल का इंतजार कर रही हूं, जब आप फिर से आकर मुझे गले लगाओगी। पी.एस- यह वीडियो हमारे बीच हर इवेंट पर होने वाले एक पर्सनल मजाक से जुड़ा है।



### ताई जी का 92 साल की उम्र में हुआ निधन

आशा भोसले का 12 अप्रैल को 92 साल की उम्र में निधन हो गया। सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान रणवीर सिंह, विक्की कौशल, आमिर खान समेत कई बड़े सितारे मौजूद रहे।

## संगीत ने अमर कर दिया आशा भोसले को

आशा भोसले भारतीय संगीत की एक दिग्गज पार्श्व गायिका हैं, जिन्होंने 8 दशकों से अधिक के करियर में 12,000 से अधिक फिल्मी और गैर-फिल्मी गीत गाए हैं। उन्होंने हिंदी सहित 20 से अधिक भाषाओं में अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा। चुलबुलेपन, गजल, भजन, कव्वाली और पॉप संगीत में उनकी विविधता ने उन्हें भारतीय सिनेमा में एक अमर और अतुलनीय आवाज़ बना दिया है।



# स्मृति शेष

## आठ दशकों से भी लंबा करियर

आशा जी ने अपने आठ दशकों से भी लंबे करियर में संगीत जगत को अमूल्य योगदान दिया। वह भारत की सबसे महान और बहुमुखी पार्श्व गायिकाओं में से एक रहीं। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में उन्होंने 12,000 से ज्यादा गीत गाकर विश्व स्तर पर पहचान बनाई। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में जन्मीं आशा भोसले को उनकी विविधता और अलग-अलग शैलियों में महारत के लिए खास तौर पर जाना जाता है।


**प्रसिद्ध मंगेशकर परिवार में जन्म**

आशा भोसले का जन्म प्रसिद्ध मंगेशकर परिवार में हुआ। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक जाने-माने थिएटर कलाकार और संगीतकार थे, जबकि उनकी बहन लता मंगेशकर संगीत जगत की दिग्गज हस्ती रहीं। उन्होंने महज 10 साल की उम्र में 1943 में मराठी फिल्म के लिए पहला गीत गाया। पिता के निधन के बाद कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई, जिससे उनके जीवन में संघर्ष का दौर शुरू हुआ। वे बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ परिवार की जिम्मेदारी उठाने लगीं।

आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, जिससे संगीत जगत में शोक की लहर है। आठ दशकों के करियर में उन्होंने 12 हजार से अधिक गाने गाए और हर शैली में अपनी पहचान बनाई। 'दम मारो दम' से 'दिल चीज क्या है' जैसे कई सुपरहिट गीत दिए। उन्हें पद्म विभूषण सहित कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ANI की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि उन्होंने आज 12 अप्रैल को अस्पताल में अंतिम सांस ली। डॉक्टर के मुताबिक, उनका निधन मल्टी-ऑर्गन फेलियर के कारण हुआ। उनका अंतिम संस्कार 13 अप्रैल को राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।

इस खबर के सामने आते ही संगीत जगत और उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। फैंस और सेलेब्स सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उनके निधन से इंडस्ट्री को गहरा आघात पहुंचा है और लोग उनके ठीक होने की दुआ कर रहे थे, लेकिन यह दुखद समाचार सभी को स्तब्ध कर गया।



**पीएम मोदी ने किया याद**

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'आशा भोसले जी के निधन से गहरा दुख हुआ है। वह भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं। दशकों तक फैले उनके अद्भुत संगीत सफर ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनियाभर में अनगिनत दिलों को छुआ। उनकी मधुर धुनों से लेकर ऊर्जावान गीतों तक, उनकी आवाज़ में एक कालातीत जादू था। उनसे हुई मुलाकातों को मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।'

'मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, प्रशंसकों और सभी संगीत प्रेमियों के साथ हैं। वे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के दिलों में गूंजते रहेंगे।''

## आशा भोसले का संगीत में योगदान

**विविध शैलियाँ :** उन्होंने शास्त्रीय संगीत, गज़ल, भजन, और पॉप शैलियों में एक समान सफलता हासिल की।

**गायन रिकॉर्ड 1987 :** में एक दिन में 19 गाने रिकॉर्ड करने का अनूठा कीर्तिमान भी उनके नाम है।

**बहुभाषी गायिका :** उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, पंजाबी सहित कई भाषाओं में गाने गाए हैं।

**पुरस्कार:** उन्हें पद्म विभूषण (2008), 2 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, और 18 महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**प्रेरणा:** उन्होंने नई पीढ़ियों के गायकों को प्रेरित किया है और संगीत की दुनिया में एक नए युग का सूत्रपात किया है।

आशा भोसले ने आर.डी. बर्मन के साथ मिलकर कई यादगार गाने गाए, जो आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। उनकी आवाज़ में वो मिठास और गहराई है, जो उन्हें अन्य गायकों से अलग बनाती है।




## आशा भोसले हिंदी नहीं, पंजाबी दिलों पर भी राज करती थीं, 'नानक नाम जहाज...' से मिली थी अमर पहचान

महान गायिका आशा भोसले आज हमारे बीच नहीं रहीं। 12 अप्रैल को उनका 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने पंजाबी गीतों और शबद गायन में अहम योगदान दिया और अपनी बहुमुखी आवाज से संगीत जगत में अलग पहचान बनाई।

भारतीय संगीत जगत की दिग्गज गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। आशा भोसले ने अपने लंबे करियर में हिंदी सहित कई भाषाओं में हजारों गीत गाए, लेकिन पंजाबी संगीत के साथ उनका विशेष और गहरा संबंध रहा।

आशा भोसले ने पंजाबी फिल्म उद्योग में कई लोकप्रिय गीत गाए, जिन्होंने उन्हें इस क्षेत्र में भी एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने मशहूर गायक मोहम्मद रफी और महेंद्र कपूर के साथ कई यादगार ड्यूट गीत गाए।

उनके प्रसिद्ध पंजाबी गीतों में 'ढोल वजदा ताली वजदी', 'कनका नूं लग गया', 'बुल तेरे पतले', 'आ गई रुत सावन दी' और 'मेरी सूती दी' शामिल हैं, जिन्हें आज भी श्रोता बड़े चाव से सुनते हैं।

पंजाबी संगीत में उनकी सफलता के पीछे कई दिग्गज संगीतकारों का योगदान रहा। खास तौर पर हंसराज बहल ने उन्हें शुरुआती दौर में मौका दिया और विभिन्न रागों की बारीकियां सिखाईं। इसके अलावा उन्होंने एस. मोहिंदर, सरदूल सिंह क्वात्रा और रवि जैसे संगीतकारों के साथ भी काम किया और कई यादगार रचनाएं दीं।

**शबद गायन में दिखा सादगी का अनोखा मेल**

आशा भोसले का योगदान केवल फिल्मी गीतों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने शबद गायन में भी अपनी गहरी छाप छोड़ी। उनका गाया 'नानक नाम जहाज है' शबद आज भी श्रद्धा और भक्ति के साथ सुना जाता है। उनकी आवाज में आध्यात्मिक गहराई और सादगी का अनोखा मेल देखने को मिलता था।

# मटका किंग

## में अपने किरदार 'बरखा' को लेकर साई तम्हणकर ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- बहुत बड़ी फैन हूं



मटका किंग को लेकर एक्ट्रेस साई तम्हणकर इन दिनों चर्चा में हैं। इस सीरीज में वह 'बरखा' नाम की एक दमदार और आत्मनिर्भर महिला का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने रोल के बारे में बात करते हुए मीडिया को बताया कि यह सिर्फ एक सपोर्टिंग कैरेक्टर नहीं है, बल्कि एक ऐसी महिला की कहानी है जो अपनी खुद की सोच और अपनी पहचान के साथ पूरी आजादी से जीती है।

**साई तम्हणकर ने क्या कहा?**

साई तम्हणकर ने कहा कि उन्हें ऐसी महिलाएं पसंद हैं जो मजबूत और आत्मनिर्भर हों। उन्होंने कहा कि बरखा एक ऐसी महिला है, जो अपने पति की शोहरत या पैसे से नहीं, बल्कि अपने खुद के विचारों से चलती है।

**बरखा का किरदार कैसा है?**

साई तम्हणकर आगे अपने किरदार के बारे में कहती हैं, 'बरखा का किरदार शुरुआत में उस चकाचौंध, उस शोहरत (जो बृज भट्टी को मिल रही है) और उस पैसे की तरफ काफी आकर्षित होती है, लेकिन फिर धीरे-धीरे, इस सारी हलचल को देखने के बाद, वह किसी तरह अपना खुद का रास्ता ढूंढ लेती है और यही बरखा की यात्रा है। यह बाहर से शुरू होती है और अंदर की ओर आकर खत्म होती है। इसे देखना बहुत दिलचस्प है। मेरे लिए सबसे जरूरी बात यह थी कि इस यात्रा के दौरान एक इंसान के तौर पर उसका विकास कैसे होता है और उसका यह विकास काफी दिलचस्प है। मैं बरखा की बहुत बड़ी फैन हूं।'

**'मटका किंग' सीरीज की डिटेल्स**

'मटका किंग' को नागराज मंजुले ने बनाया है। इसमें विजय वर्मा, कृतिका कामरा, गुलशन ग्रोवर और कई अन्य कलाकार नजर आएंगे। यह कहानी मुंबई के अंडरग्राउंड जुए (मटका गैंबलिंग) की दुनिया पर आधारित है, जहां पैसे, पावर और संघर्ष की लड़ाई दिखाई गई है।

**कब और कहां देखें?**

यह सीरीज Amazon Prime Video पर रिलीज हो चुकी है और इसकी स्ट्रीमिंग 17 अप्रैल से भारत और दुनिया के 240 देशों में एक साथ शुरू की गई है। एजेंसी।




## समर में छाया खुशी कक्कड़ का 'कुर्ती में कुलर', पारुल यादव का अंदाज वायरल

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में गर्मियों का तड़का लेकर आई सिंगर खुशी कक्कड़ का नया गाना 'कुर्ती मे कुलर' यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह समर स्पेशल सॉन्ग 14 अप्रैल को मीरा म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ। रिलीज के बाद से ही दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। गाने को अब तक 3000 से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और व्यूज बढ़ रहे हैं। एजेंसी।



## प्रेस क्लब ने साधना न्युज ब्यूरो हेड रेणु जायसवाल का मनाया जन्मदिन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा की तेजतर्रार महिला पत्रकार एवं साधना न्युज एमपी/छत्तीसगढ़ की कोरबा जिला ब्यूरो हेड श्रीमती रेणु जायसवाल का 12 अप्रैल को जन्मदिन की खुशियां प्रेस क्लब तिलक भवन कोरबा में पत्रकारों ने मनाई। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का भी जन्मदिन था और प्रेस क्लब में उनका कार्यक्रम आयोजित था। प्रेस क्लब कोरबा ने लखनलाल देवांगन के जन्मदिन के साथ रेणु जायसवाल का भी जन्मदिन मनाया और केक काटकर तथा सदस्यों का मूंह मीठा कर उनके जन्मदिन की खुशियां मनाई।

## शीतल शरबत का शुभारंभ 19 को

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी के सौजन्य से जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा के सामने शीतल शरबत का नि:शुल्क वितरण किया जावेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी के पीआरओ सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि शीतल शरबत का नि:शुल्क वितरण अप्रैल से जून माह तक किया जावेगा, जिसका शुभारंभ 19 अप्रैल 2026, दिन रविवार को प्रात: 11 बजे, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया जावेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारियों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों सहित आमजनों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि बीच शहर में भीषण गर्मी में शीतल शरबत की नि:शुल्क उपलब्धता से राहगीरों को काफी राहत मिलती है।

# 27 एकड़ में विकसित होगा नया औद्योगिक क्षेत्र: कोरबा के विकास को मिलेगा नया आयाम

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कोरबा जिले के दर्री तहसील अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह का आयोजन हुआ। यह औद्योगिक क्षेत्र लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राजीव अग्रवाल, विधायक कटघोरा प्रेमचंद्र पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, कलेक्टर कुणाल दुदावत, प्रबंध निदेशक सीएसआईडीसी रायपुर विश्वेश कुमार, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गोपालपुर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र के अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन केवल एक परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि



कोरबा के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। कोरबा के लिए गर्व की बात है, वर्ष 1980 के बाद आज जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। लगभग 10.900 हेक्टेयर (27 एकड़) भूमि पर 10.59 करोड़ की लागत से विकसित होने वाला यह औद्योगिक क्षेत्र कोरबा जिले के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में उद्योगों के विस्तार और अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। आने वाले दिनों में 23 नए औद्योगिक क्षेत्र प्रावधानित है, जिसमें जिले के रामपुर विधानसभा के ग्राम चाम्पा में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। सीएसआईडीसी के अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि राज्य की नई औद्योगिक नीति युवाओं और नवोदित उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं एमडी कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### कोरबा में विकास, रोजगार और निवेश को मिलेगा नया विस्तार

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि कोरबा जिले में प्रस्तावित औद्योगिक पार्क का भूमिपूजन क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे जिले के युवाओं एवं नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया गया है, जिससे उद्यमियों को सुविधा और विश्वास दोनों प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें रोजगार के बजाय रोजगार सृजक के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर द्वारा दो माह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए किसी पूर्व अनुभव की अनिवार्यता नहीं है, बल्कि केवल उद्यमिता की भावना और आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति आवश्यक है।

# एनएच-130 पर तीन ट्रेलर और एक कार टकराई: चार लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बांगो थाना क्षेत्र के गुरसिया-जटगा मोड़ के पास तीन ट्रेलर और एक कार आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर की ओर से आ रहे दो ट्रेलर पहले आपस में टकराए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से जा भिड़ा। इसी बीच, पीछे से आ रहा एक और ट्रेलर भी नियंत्रण खोकर सड़क पर पलट गया। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय राहगीरों ने तुरंत क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर बांगो थाना पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रशासन ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल करने का काम शुरू किया। हादसे के कारण राजमार्ग पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने यातायात डायवर्ट कर सुचारु किया।

# धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार-महापौर संजूदेवी

## छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने किया प्रसाद वितरण

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

शहर के रामसागरपारा क्षेत्र में केसरवानी परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचक पंडित श्रीकांत दुबे द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा श्रद्धालुओं के बीच हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कोरबा नगर पालिका निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पार्षद ईश्वर पटेल, युगल कैवर्त सहित अन्य जनप्रतिनिधि



उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत साई सेवा महिला समिति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र का वातावरण सकारात्मक और आध्यात्मिक बनता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक मोहल्ले में होने चाहिए, जिससे समाज में सद्भाव और



संस्कारों का प्रचार-प्रसार हो। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें भी कथा श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, जिला सचिव जय कुमार नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, राय सिंह, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, तपेश्वर राठौर एवं रामायण सिंह सहित गौ सेवा समिति के सदस्य व अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






**PMJF लॉयन राजकुमार अग्रवाल**
**चेयरमेन**
**एनके मेमोरियल एलपीएस खरहरकुड़ा**
**मो.: 98266-70261**

# एक व्यक्तित्व जिनका जीवन पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित है अब ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में कर रहे फोकस

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एमडि 3233 के पूर्व वाईस मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन, नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा के चेयरमेन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रदेश उप महामंत्री तथा कोरबा के ख्यातिलब्ध समाज सेवी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लॉयन राजकुमार अग्रवाल ने अपने रचनात्मक कार्यों से टीम भावना को लेकर कोरबा में ऐसे अनेक कार्य किए। सेवा कार्यों में उनके शोध के लिए मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी नई दिल्ली द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि गत 16 अप्रैल 2023 को गुलमोहर इंडिया हेबिटेट सेंटर लोधी रोड नई दिल्ली में आयोजित विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में दी गई। इसके पूर्व उन्हें राष्ट्रीय स्तर का सम्मान जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड से गत 13 नवंबर 2021 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में भारत सरकार के शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर सहित सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, पूर्व न्यायाधीश सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया था। उनके रचनात्मक कार्यों ने उन्हें भीड़ से अलग पहचान बनाने में कामयाबी दिलायी।

लॉयन अग्रवाल कहा करते हैं कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया, हमारा भी फर्ज है कि हम जितना संभव हो समाज को लौटाएं। वे अपनी आय का कुछ अंश समाज को लौटा रहे हैं और पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित हैं। अब वे ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर भविष्य देने के लिए खरहरकुड़ा स्थित लॉयंस पब्लिक स्कूल के बच्चों पर अपना फोकस कर रहे हैं। ठंड में गरीबों को कंबल वितरण, गरीबों की आर्थिक सहायता, मड़वारानी में स्थायी प्याऊ एवं लायंस क्लब गुरूकुल के माध्यम से कई रचनात्मक कार्य।



पीएमजेएफ लॉयन राजकुमार अग्रवाल को पीएचडी की मानद उपाधि मिली।

## उपलब्धियां कैमरे की नजर से एवं विभिन्न रचनात्मक कार्य-



नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) का गार्डन एवं खेल का मैदान



लायंस परम विभूषण सेवा रत्न से सम्मानित

ZEE NEWS MPCG इमर्जिंग राइज अवार्ड से सम्मानित

पर्यावरण संरक्षण

कंबल वितरण



समाज सेवा शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित

**लॉयन राजकुमार अग्रवाल अब लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संचालक मण्डल में बतौर मार्गदर्शक अपनी भूमिका निभा रहे हैं और अपने जीवन को सामाजिक सरोकार को समर्पित कर रहे हैं। उनका कहना है कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया, हम भी तो समाज को कुछ देना सीखें।**

## एक नजर उपलब्धियों पर -

- कोरबा लॉयनवाद को विश्व शिखर तक पहुंचाया।
- वनांचल क्षेत्रों में पीड़ित मानवता जैसे आदिवासी कोरवा जन जातियों तक विभिन्न अवसरों में गर्म वस्त्र, भोजन एवं अन्य दैनिक जीवन की वस्तुओं का वितरण
- कोरबा में विशाल नेत्र शिविरों का आयोजन, जिसमें सैकड़ों लोगों को नेत्र ज्योति मिली।
- डायलिसिस सेंटर, ब्लड बैंक आदि के शुभारंभ में महत्वपूर्ण भूमिका
- जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन के लिए लॉयंस उद्यान, नितेश कुमार मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिसर में हरियर गांव की परिकल्पना को साकार करना।
- स्वच्छ एवं हरित विद्यालय में पूरे जिले में लायंस पब्लिक स्कूल प्रथम।
- महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर एवं अन्य प्रशिक्षण केन्द्र खोलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य।
- विक्षिप्त मानव सेवा, दिव्यांगों के लिए रोजगार अवसर प्रदान करना।
- लायंस स्कूलों का विस्तारीकरण
- लायंस चौक एवं पूर्व सांसद गोद ग्राम तिलकेजा में लायंस गेट।
- कई जगहों में लायंस प्याऊ।
- कई विद्यालयों को गोद लेकर विद्यार्थियों का सहयोग करना।

## वर्तमान उपलब्धियां-

नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा के माध्यम से ग्रामीण विद्यार्थियों को सीबीएसई शिक्षा की सौगात, ताकि ग्रामीण प्रतिभा भी बेहतर कैरियर और स्वर्णिम भविष्य की राह तय कर सकें। विद्यालय परिसर में आर्गेनिक सब्जियों की उपलब्धता, पर्यावरण संरक्षण के लिए बंजर भूमि में हरियाली लाना, बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए ट्रैफिक गार्डन, हास्टल की सुविधा, विशाल खेल का मैदान मशरूम प्रशिक्षण, गोबर से पूजन सामग्रियों के उत्पाद की व्यवस्था, बीच-बीच में भण्डारे का आयोजन, कोरोना काल में क्वारेंटाईन सेंटर में खाद्य सामाग्री का वितरण, बच्चों को कॉपी पेन्सिल, ड्राइंग बुक, खिलौने का वितरण, प्रशासन को क्षमता अनुसार सहयोग करना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वस्थ गांव की परिकल्पना को साकार करने के प्रयास में भूमिका निभाना। उनके सेवा भावी कार्यों के लिए रेडियेंट टैलेंट बुक ऑफ रिकार्ड ने समाज सेवा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा लायंस परम विभूषण सेवा रत्न से एवं जी न्यूज ने भी सम्मानित किया।



**अग्रसेन गौ सेवा समिति द्वारा संचालित कनबेरी स्थित गौशाला के लिए भूमि दान**

बचपन की टिकट

# अशोक वाटिका में 10,000 से अधिक महिलाएं बचपन की यादों में खोईं

**भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय की अनुपम और अनोखी पहल से खेलों के माध्यम से महिलाओं को गुदगुदाया, घंटों तक रोमांच की दुनिया का कराया सफर**

**सरोज पाण्डेय ने कहा-धन्यवाद कोरबा, अपेक्षा से अधिक कार्यक्रम को बनाया सफल**



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

12 अप्रैल का दिन कोरबा के लिए एक ऐतिहासिक दिन था। भाजपा के दो ध्रुवों के बीच एक तरह से शक्ति प्रदर्शन था। एक तरफ मंत्री लखनलाल देवांगन के जन्मदिन पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित था, तो दूसरी ओर कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय का अशोक वाटिका में बपचन की टिकट का अद्भूत कार्यक्रम आयोजित था।

बचपन की टिकट कोरबा की महिलाओं के लिए एक अद्भूत अनुभव साबित हुआ। कोरबा के लिए ऐसा प्रथम बार कार्यक्रम महिलाओं के लिए आयोजित था, जिसमें 10,000 से अधिक महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। आयोजक सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा-घर से निकलकर अपने लिए महिलाओं को जीने का सुअवसर प्रदान करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था, जिसमें हम सफल हुए। कोरबा ने बता दिया कि हम इस तरह के कार्यक्रम को और आगे बढ़ाते रहें। इस नई पहल को कोरबा ने जमकर सराहा।

## कबड्डी का रोमांच:जब कोरबा एवं बिलासपुर महापौर की टीम भिड़ीं, दोनों संयुक्त विजेता



सबसे अद्भूत और रोमांच का दृश्य उस समय देखने को मिला जब कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत और उनकी टीम वर्सेस बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी और उनकी टीम के बीच कबड्डी खेली गई। रोमांच चरम पर था और तालियों की गड़गड़ाहट और हौसला के बीच कोरबा महापौर बिलासपुर की टीम को समेटने के लिए मैदान में उतरीं और कबड्डी...कबड्डी बोलते-बोलते बिलासपुर टीम के पाले में गई, लेकिन खुद पटकनी खा गईं।

बिलासपुर महापौर जब मैदान में कुदीं तो वे बैरंग लौट गईं। महिला पार्षदों ने दमखम दिखाया और दोनों टीम अपनी खेल प्रतिभा से एक-दूसरे पर भारी दिख रहे थे, लेकिन बाद में जजों ने दोनों को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया, लेकिन बिलासपुर महापौर और उनकी टीम ने रोमांचक हंगामा किया और कहा-जीत हमारी हुई।

## छत्तीसगढ़ी खेलों ने गुदगुदाया:बचपन की यादों में खोईं महिलाएं



सुश्री सरोज पाण्डेय की इस अद्भूत पहल से संध्या 5.00 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक अशोक वाटिका महिलाओं की भीड़ से आबाद रहा। ऐसा दृश्य कोरबा में पहली बार देखने को मिला। अलग-अलग खेलों के लिए जोन में बांटा गया था, जहां कबड्डी, खो-खो, जलेबी दौड़, फूगड़ी, बोरा दौड़, हौजी, सुआ नृत्य, रस्सी खींच, कुर्सी दौड़, गोटा, बिल्लस सहित कई रोमांचित छत्तीसगढ़ी खेलों में महिलाएं व्यस्त रहीं और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रही थीं। चारों तरफ उल्लास और उमंग का माहौल था। घर की जिम्मेदारियां, महिलाओं की व्यस्तता के बीच तीन घंटे सुकून के पल अशोक वाटिका में महिलाओं सहित युवतियां खेलों के माध्यम से बिताया और महिलाओं ने इसे रोमांच का अद्भूत उदाहरण बताया और सुश्री सरोज पाण्डेय को इस तरह के आयोजन के लिए हृदय से धन्यवाद दिया।



## कई हस्तियां पहुंची थीं

कोरबा के लिए इस ऐतिहासिक और अनोखा कार्यक्रम -बपचन की टिकट को अनुभव करने, खेलने छत्तीसगढ़ की कई प्रतिभाएं यहां मौजूद थीं। सुश्री सरोज पाण्डेय के अलावा कोरबा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पाण्डेय सहित कई महिला प्रतिभाएं यहां रोमांच का अनुभव लिया और खुद बचपन में खो गईं।

## पुरूस्कारों से विजेता टीमों के खिले चेहरे



**कबड्डी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करतीं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल की टीम**

इस अनुपम और अनोखी खेल प्रतियोगिता के समापन के बाद अतिथियों ने सभी विजेता टीम, खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। विजेताओं के चेहरों पर मुस्कान बिखर रही थी। एक ओर बचपन की यादें और दूसरी ओर जीत की खुशी चेहरों पर झलक रही थीं।

## मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ



खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मशाल जलाकर किया गया और मशाल रैली में मंत्री लखनलाल देवांगन, सुश्री सरोज पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक विकास अग्रवाल, कोरबा महापौर संजूदेवी राजपूत, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार सहित कई हस्तियां शामिल हुईं।

### पूजा विधानी ने कहा-महिलाओं के लिए सराहनीय कार्यक्रम






बिलासपुर महापौर ने कबड्डी में अपनी और टीम की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरोज दीदी की सोच काफी प्रशंसनीय रहती है। बचपन की टिकट-कार्यक्रम का अनुभव वाकई में रोमांच पैदा कर गया। ऐसा आयोजन महिलाओं के लिए होते रहना चाहिए।

### महिलाओं के बीच महिलाओं का प्रदर्शन नया अनुभव दे गया-संजूदेवी

कोरबा महापौर संजूदेवी राजपूत ने कबड्डी में टीम के साथ अपनी प्रतिभाएं दिखाईं। उन्होंने पत्रकारों से रू ब रू होकर कहा कि महिलाओं के बीच महिलाओं का खेल प्रदर्शन अद्भूत और अनोखा अनुभव दे गया। हमारी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज दीदी का यह कार्यक्रम कोरबा के लिए ऐतिहासिक अनुभव दे गया। महिलाओं की अपार भीड़ के बीच खेलों ने हमें गुदगुदाया और सुकून दे गया। ऐसा कार्यक्रम महिलाओं के लिए होते रहना चाहिए।

## धन्यवाद कोरबा-सुश्री सरोज पाण्डेय

कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री सरोज पाण्डेय ने बचपन की टिकट-कार्यक्रम में महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी से काफी रोमांचित हुईं और मंच पर कहा-धन्यवाद कोरबा! इस कार्यक्रम को आपकी उपस्थिति ने अपेक्षा से अधिक सफल बनाया, हम कृतार्थ हैं। बचपन की टिकट-एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, छत्तीसगढ़ी खेलों के प्रति पुनर्जागरण का संदेश था।

# मंदाकिनी के कोरबा आगमन को लेकर कोरबा आतूर


**19 को आ रहीं कोरबा:नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा ( मड़वारानी ) के स्थापना दिवस में होंगी शामिल**



**कोरबा/मड़वारानी ( दिव्य आकाश )।**

बालीवूड की जानीमानी फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी 19 अप्रैल को कोरबा आ रही हैं। कभी राम तेरी गंगा मैली को लेकर भारत ही नहीं वर्ल्ड वाईड फेमस मंदाकिनी को मिलने फैंस लालायित रहते थे, कोरबा के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उनके फैंस अब मंदाकिनी को आमने-सामने देख सकेंगे। मंदाकिनी के कोरबा आगमन को लेकर कोरबा काफी आतुर दिखाई दे रहा है।

19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की 7 स्टार रैटिंग प्राप्त कोरबा का उत्कृष्ट सीबीएसई विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी के 10वें स्थापना दिवस समारोह में वे शामिल होंगी। वे विद्यालय के बच्चों का हौसला भी बढ़ाएंगी और सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगी।




## 1980 के दशक की सफल अभिनेत्री मंदाकिनी

## जब मंदाकिनी ने तहलका मचा दिया

1985 में जब सिनेमा घरों में राम तेरी गंगा मैली आई, तो टिकटों की कालाबाजारी में भी दर्शकों को सिनेमा घरों में जाने के लिए दो-दो दिन, तीन-तीन दिन लाईन में लगनी पड़ती थी। 1980 के दशक में मंदाकिनी फिल्म जगत का वह चेहरा बन गई, और आज की स्थिति रहती, तो यूं कहें बालीवूड में सबसे ज्यादा फालोअर्स मंदाकिनी के रहते। राम तेरी गंगा मैली में मंदाकिनी ने जो किरदार निभाया, उसमें समाज के ठेकेदारों की काली करतूत को उजागर किया और परदे के पीछे चरित्रहीन समाज के ठेकेदारों को मंदाकिनी के किरदार ने पर्दाफाश किया।

गंगा को समाज के ठेकेदारों ने अपनी करतूत से मैली कर देते हैं। गंगा कभी मैली नहीं होती, उन ठेकेदारों की सोच मैली होती है, जो नारी को पैर की जूती समझते हैं। गंगा तो हमेशा से निर्मल है और नारी शक्ति की प्रतीक है।

भोली-भाली सी गंगा ने दर्शकों को खूब रिझाया, दर्शकों को सिनेमा घरों तक खींचने में अपार सफलता प्राप्त की और राजकपूर की यह फिल्म शायद सबसे सफल फिल्म रही। समय गुजरता गया और मंदाकिनी फिल्मी दुनिया से अलग हो गई, लेकिन आज भी मंदाकिनी के चाहने वालों की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने राम तेरी गंगा मैली की अलावा कई सुपरहीट फिल्म दिए और दशकों तक मनोरंजन जगत को अपनी अभिनय कला से सिंचती रहीं, पल्लवित करती रहीं।

19 अप्रैल को उनका कोरबा आगमन नए उत्साह का संचार करेगा और फैंस उन्हें रू ब रू देख पाएंगे।




## 07 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा राम तेरी गंगा मैली... के गाने

आज भी राम तेरी गंगा मैली फेम मंदाकिनी को फैंस यू ट्यूब में सर्च करते हैं। उनकी फिल्म राम तेरी गंगा मैली के गाने को 07 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। इस तरह आज भी मंदाकिनी के फैंस कम नहीं हो रहे हैं।

उनकी शानदार फिल्मों में राम तेरी गंगा मैली के अलावा जीवा, जाल, लोहा, डांस-डांस, जीते हैं शान से, जंगबाज, दुश्मन जैसी कई हीट फिल्में शामिल हैं।

राम तेरी गंगा मैली में मंदाकिनी के शानदार किरदार ने सबको लुभाया। हिमालय की वादियों में भोली-भाली गंगा अपने निश्चल प्रेम से सबको आकर्षित किया। 16 अगस्त 1985 को राम तेरी गंगा मैली सिनेमा घरों में पहुंची और यह फिल्म उस वर्ष की सबसे सुपरहीट फिल्म रही और सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी। राम तेरी गंगा मैली बाक्स आफीस इंडिया ने इसे आलटाईम ब्लाकबस्टर के रूप में वर्गीकृत किया।

इस फिल्म ने 5 फिल्म फेयर पुरस्कार जीते और तब मंदाकिनी की प्रसिद्धि आसमान पर पहुंच गई थी और कई डायरेक्टर-प्रोड्यसर उन्हें अपनी ओर खींचने के लिए एड़ी-चोटी की जोर लगाते रहे।

# एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 99 प्रतिशत

## सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने किया उत्कृष्ठ प्रदर्शन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

2025-26 में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है, जिसमें ग्राम खरहरकुड़ा (मड़वारानी) में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आसपास के पूरे क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिजनों एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 10वीं से मयंक यादव ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। छात्रा रौनक जहां ने 79.4 प्रतिशत से द्वितीय स्थान व छात्र भविष्य सिंह राठौर ने 75.8 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचते हुये क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोमा सोनी ने बताया कि इस सत्र कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 19 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें 18 छात्र उत्तीर्ण हुये। इस प्रकार 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। 10वीं के छात्रों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस पर विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने सभी छात्रों को शुभकामना देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य सभी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करना है, ताकि एक बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सभी बच्चे समाज को एक नयी धारा से जोड़ते हुये राष्ट्र विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने बच्चों की इस सफलता के पीछे उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के परिश्रम की सराहना करते हुये बधाई दी।



**चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने दी बच्चों एवं अध्यापकों को बधाई**

# दीपका कोयले की धूल के साये में जीने को मजबूर नगरवासी



**कोरबा/दीपका ( दिव्य आकाश )।**

कोयलांचल क्षेत्र के दीपका में प्रदूषण की स्थिति अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है एसईसीएल प्रबंधन और नगर प्रशासन की उदासीनता के चलते स्थानीय नागरिक कोयले की काली धूल और विषैले कणों को सांसों के जरिए निगलने को मजबूर हैं। खदानों से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा उड़ाई जा रही यह धूल न केवल सड़कों पर अंधेरा छा रही है, बल्कि जनमानस की औसत आयु को भी तेजी से कम कर रही है ।

नियमों के मुताबिक धूल को बैठने के लिए सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाना अनिवार्य है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन के दावे सिर्फ फाइलों तक सीमित हैं भारी वाहनों के कारण दिन-रात कोयले का गुबार उड़ता रहता है जिससे राहगीरों और आसपास रहने वाले परिवारों का जीना दूभर हो गया है ।

**प्रशासनिक विफलता और पर्यावरण विभाग की चुप्पी**

इस गंभीर संकट के पीछे पर्यावरण विभाग की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमानुसार विभाग को समय-समय पर डस्ट मॉनिटरिंग और डस्ट ऑडिट करना चाहिए, लेकिन सख्त कार्रवाई के अभाव में प्रबंधन बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है अधिकारियों द्वारा निर्देशित न किए जाने के कारण प्रदूषण का स्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है ।



# एनसीसी कैडेट्स ने शूटिंग में दिखाए हूनर



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जैन इंटरनेशनल स्कूल में 7 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी के तत्वावधान में मेजर होशियार सिंह स्मृति शूटिंग एवं जनरल रावत इंटर-इंस्टिट्यूशनल ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 महाविद्यालय एवं 13 विद्यालय के लगभग 600 एन.सी.सी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में कर्नल लोकेश देव (कमांडिंग ऑफिसर, 7 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी) तथा जैन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग (आई.पी.एस.), आई.जी. बिलासपुर रेंज रहे।

स्वागत विद्यालय के प्राचार्य डी. एस. एस. राजपूत एवं उप प्राचार्य द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग (आई.पी.एस.), आई.जी. बिलासपुर रेंज ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क एवं राष्ट्र भावना सुदृढ होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे:
ड्रिल प्रतियोगिता (व्यक्तिगत येस्ट ड्रिल कमांडर):
जेडी/जेडब्ल्यू वर्ग:
प्रथम कैडेट प्राची यादव (एमएलबी स्कूल, बिलासपुर)
द्वितीय कैडेट निकिता कटारिया (स्वामी आत्मानंद एचएसएस, सकरी, बिलासपुर)
एसडी/एसडब्ल्यू वर्ग:
प्रथम कैडेट हर्ष सिंह (सीएमडी कॉलेज, बिलासपुर)
द्वितीय कैडेट मोहित तिवारी (जे.पी. वर्मा कॉलेज, बिलासपुर)


पुत्रस्य जन्मदिवसे, स्मरणं तव पावनम्।
हृदये जीवसि नित्यं, नमोस्तु ते सदा सुत।।

पुत्र के जन्मदिवस पर आपका पावन स्मरण करते हैं। आप हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे..., हे पुत्र! आपको सादर नमन्।

# 41वां अवतरण दिवस
## 20 अप्रैल 2026



अवतरण 20 अप्रैल 1985 | महाप्रयाण 17 अक्टूबर 2020

## स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल (मोनू)

सब जाते हैं इस दुनिया से लेकिन कोई इस तरह नहीं जाता।
दूर चले गए तुम इस दुनिया से, पर दिल से दूर नहीं हो।।
जब-जब तुम्हारी याद आती है, दिल के पास आ जाते हो।
तेरे कोमल भावों से पुलकित था परिवार हमारा।।
अब सिर्फ तुम्हारी यादों से चल रहा परिवार हमारा।
मीठी मधुर स्मृतियाँ तुम्हारी, कभी मिट नही पायेंगी।।
तुम्हारा कोमल भाव और मिठी सी बातें, सदैव हमें याद आयेंगी...

**41वां अवतरण दिवस पर पुण्य स्मरण ...**

*आपकी याद में...*

राजबीर प्रसाद- श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल (ताऊ-ताई),
राजकुमार- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल (पापा-मम्मी)
भगवान दास- श्रीमती मंजू अग्रवाल (चाचा-चाची),
श्रीमती मेघा अग्रवाल (पत्नी)
दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ,
तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन, विराज

**फर्म**

- सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
- आद्या फ्युल्स, छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स, लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
- नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
- सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि.
- मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

सौम्यता जिनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था। सत्कर्म उनकी शोभा था, परोपकार उनका कर्तव्य था।


# नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा का 19 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर होगा लायंस गौरव सम्मान समारोह औऱ एनकेएम लायंस अनाथालय एवं बाल विकास केन्द्र का लोकार्पण

**श्रीमती कौशिल्या देवी साय की रहेगी गरिमामय उपस्थिति**

**भाजपा नेत्री सुश्री सरोज पाण्डेय एवं अभिनेत्री मंदाकिनी से बढ़ेगा गौरव**





**कोरबा/मड़वारानी ( दिव्य आकाश )।**

ग्रामीण अंचलों मे रह रहे बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करने के लिए लायंस पब्लिक स्कूल ट्रस्ट द्वारा ग्राम मड़वारानी में सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल का संचालन विगत 10 वर्षो से किया जा रहा है, जिसके 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को विद्यालय परिसर में एनकेएम लायंस गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही एनकेएम लायंस अनाथालय एवं बाल विकास केन्द्र का विधिवत् लोकार्पण छ.ग.राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या देवी साय (राष्ट्रीय अध्यक्ष-आदिवासी कंवर समाज) के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करेंगी। साथ ही कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मशहुर फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी (राम तेरी गंगा मैली फेम) उपस्थित रहेंगी। श्रीमती संजू देवी राजपूत (महापौर, नगर पालिक निगम कोरबा) प्रमुख वक्ता रहेंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गोपाल मोदी (भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला कोरबा), श्रीमती विभा अवस्थी (प्रदेश अध्यक्ष-भाजपा महिला मोर्चा), श्रीमती रेणुका राठिया (सदस्य-जिला पंचायत कोरबा), हितानंद अग्रवाल (एमआईसी सदस्य), श्रीमती गायत्री कंवर (उपाध्यक्ष-न.पा.परिषद बांकीमोंगरा), पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), पीएमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी (प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), पीएमजेएफ लायन पवन मलिक (द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल द्वारा किया जायेगा।

इस पर विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि लायंस पब्लिक स्कूल ट्रस्ट द्वारा एनकेएम लायंस अनाथालय एवं बाल विकास केन्द्र का संचालन किया जाना है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों के 6 से 10 वर्ष के अनाथ बालकों की शिक्षा, उनके आवास, भोजन एवं अन्य व्यवस्था करते हुये उनकी सही देखरेख करते हुये उन्हें काबिल बनाना है। जिसका लोकार्पण अतिथियों के करकमलों द्वारा किया जायेगा। साथ ही प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर ''एनकेएम लायंस गौरव सम्मान समारोह'' का आयोजन किया जायेगा जिसमें आसपास के महिलाओं, गणमान्य नागरिकों, ग्राम सरपंचों-पंचों, डॉक्टरों, शिक्षकों व लायंस लीडर्स (पूर्व प्रान्तपालों) का सम्मान किया जायेगा। इनके सम्मान से निश्चित ही अन्य लोग भी समाजसेवा करने हेतु प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री श्रीमती मंदाकिनी के साथ साथ विद्यालय के बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। उन्होंने विद्यालय के समस्त बच्चों, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों, ग्रामवासियों एवं पत्रकारों को उक्त कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

# सुयश: डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का छात्र समर्थ सिंह ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव, 10वीं बोर्ड परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक किया हासिल, विद्यालय में प्रथम



**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

सीबीएसई ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें पाली निवासी भाजपा नेता प्रवीण सिंह (चिंटू) के पुत्र समर्थ सिंह ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार 91.2 प्रतिशत अंक के साथ फर्स्ट रैंक हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



समर्थ सिंह डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सैला (पाली) के छात्र हैं और उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ यह गौरव हासिल किया है। समर्थ सिंह पाली निवासी भाजपा युवा नेता प्रवीण सिंह एवं श्रीमती दिव्या सिंह ठाकुर के पुत्र हैं। प्रारंभ से ही पढ़ाई में होनहार समर्थ सिंह ने 10वीं बोर्ड में टॉप करने के लिए कड़ी मेहनत की और परिणाम भी बेहतर आया और उन्होंने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि समर्थ सिंह श्रम कल्याण मण्डल छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य नवीन सिंह के भतीजे हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर परिवारजनों ने मिठाईयां खिलाकर एवं बांटकर समर्थ सिंह का हौसला बढ़ाया।





**डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करना चाहते हैं समर्थ सिंह**

समर्थ सिंह कोरबा जिले के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरे हैं। उनका कहना है कि कड़ी मेहनत से सब संभव हो जाता है। वे डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करना चाहते हैं और 11वीं में बायोलॉजी विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं। उनके पिता प्रवीण सिंह ने बताया कि पुत्र समर्थ सिंह को नीट (NEET) की तैयारी के लिए आचार्य इंस्टीट्यूट बिलासपुर में दाखिला कराया है, ताकि नीट क्लियर कर एमबीबीएस में दाखिला मिल सके। प्रवीण सिंह ने बताया कि समर्थ सिंह प्रारंभ से ही डॉक्टर बनने की इच्छा रखता है और हम बिना दबाव उसकी रूचि के अनुसार आगे की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं।

**पढ़ाई के साथ क्रिकेट में भी माहिर हैं समर्थ सिंह**

समर्थ सिंह एक अनुशासित और संस्कारी विद्यार्थी के रूप में पाली में सबका लाडला है। समर्थ सिंह मुस्कुराता चेहरा और मेहनती विद्यार्थी के रूप में पाली में हर किसी के जुबान में रहता है। समर्थ सिंह पढ़ाई में जितनी कड़ी मेहनत करता है, वह खेल के लिए भी समय निकालकर क्रिकेट के मैदान में अपना हूनर दिखाता है। क्रिकेट के साथ-साथ फूटबाल और बैडमिंटन में भी काफी मजबूत पकड़ रखते हैं।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com